🔰🔰 *बिशेष प्रश्नोत्तरी* 🔰🔰
दिनांक - 12-02-2025 सोमवार

प्रश्न -1. एक कार्मिक असाधारण अवकाश पर रहा। अवकाश नियमानुसार स्वीकृत भी हो गया। अब इस अवकाश का सर्विस बुक मे इंद्राज एवं सेवा सत्यापन कैसे करना है?

उत्तर - किसी भी कारण से लिए गए असाधारण अवकाश की प्रविष्टि सेवा पुस्तिका में लाल स्याही से की जाएगी एवं नियमानुसार सेवा सत्यापन किया जाएगा। सेवा सत्यापन कार्मिक की पेंशन योग्य सेवा और वार्षिक वेतनवृद्धि योग्य सेवा की गणना आदि उद्देश्य से किया जाता है। GF&AR rule 136 (2) के अनुसार जो भी सेवा पेंशन हेतु मान्य है (Qualifying service) उसके लिए सेवा सत्यापन आवश्यक है।

असाधारण अवकाश के मामलों में सेवा सत्यापन के संबंध में जानकारी - 👇🏻

1. *बिना चिकित्सा प्रमाणपत्र के आधार पर लिए गए/स्वीकृत असाधारण अवकाश अवधि का सेवा सत्यापन करने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि यह अवधि कार्मिक की सेवा का हिस्सा नही है एवं पेंशन योग्य सेवा हेतु भी नहीं गिनी जाती है,* लेकिन सेवा की निरंतरता में गणना की जाती है, न कि सेवा में व्यवधान के रूप में। अवकाश स्वीकृति आदेश सेवा के दो सिरों को जोड़ने का अर्थात पुल का कार्य करता है।

2. *यदि कार्मिक ने चिकित्सा प्रमाण पत्र के आधार पर असाधारण अवकाश लिया/स्वीकृत करवाया है, तो उक्त अवकाश अवधि पेंशन योग्य सेवा में गिनी जाती है। अतः इस स्थिति में अवकाश अवधि का सेवा सत्यापन अनिवार्यतः किया जाएगा।*

3. कार्मिक के स्वेच्छा से अनुपस्थिति (Willful Absent) के मामलों और किसी कारण से सेवा जब्त (service forfeit) किये जाने पर उस अवधि का सेवा सत्यापन नही किया जाता है।

🍁 एडमिन पैनल 🍁
🙏पेमेनेजर इन्फो🙏

PM Info